हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 24 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 19.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

4
भूमिहीन कृषकों को दें योजना का लाभ



**खबर संक्षेप**

### मृतक के परिजन को मिली 2 लाख की बीमा राशि



**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम छेरडांड, पोस्ट दुलदुला निवासी जीतू राम के पुत्र कीर्तिवास सनमानी की सड़क दुर्घटना में हुई आकस्मिक मृत्यु से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पीड़ित परिजन प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि के लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, लेकिन राशि नहीं मिलने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी क्रम में मृतक के परिजन न्याय और सहायता की उम्मीद लेकर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया पहुंचे, जहां उन्होंने लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बीमा राशि दिलाने की मांग की। आवेदन प्राप्त होते ही मामले की जानकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तक पहुंचाई गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रकरण को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के पश्चात शासन द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपये की बीमा राशि मृतक के परिजनों को स्वीकृत कर प्रदान की गई।

### अभाविप के जिला संयोजक बने मनमोहन

**जशपुरनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् प्रांत छत्तीसगढ़ में



19 से 21 दिसंबर तक दुर्ग (भिलाई) में 58वां अधिवेशन सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में कार्यकरिणी घोषणा भी हुई जिसमें आने वाले सत्र 2025-26 के लिए जशपुर जिले से एबीवीपी के कार्यकर्ता गुलशन पांडे पत्थलगांव को सरगुजा विभाग संयोजक पुनः नवनिर्वाचित किया गया, जिला संयोजक मनमोहन सिंह इचकेला, सुरेश राम जशपुर,रमेश सिदार पत्थलगांव, ओम गुप्ता कुनकुरी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य में चुने गए।

### बुलेट की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** बाजार खरीदारी करने आ रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट चालक ने ओव्हर टेक करने के दौरान टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बरगई निवासी चंद्रमनी पति सलदेव ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शाद के बाद पिछले दस से साल से पति व बच्चों के साथ मायके ग्राम करदोनी में रह रहे थे। रविवार को पति व बच्चों के साथ बाइक से खरीदारी करने अंबिकापुर आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार रनपुर बस्ती के पास पहुचे तभी पिकअप को ओव्हर टेक कर रहे बुलेट चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना सलदेव घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने बुलेट चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पीलिया से परेशान ग्रामीण ने रेता खुद का गला, मौत

**अम्बिकापुर।** एक सप्ताह से पीलिया बीमारी से जूझ रहे ग्रामीण ने झाड़ फूंक के बाद भी बीमारी ठीक नहीं होने से न सिर्फ परेशान था बल्कि बीमारी से तंग आकर खुद का गला चाकू से रेत लिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार धरमजगढ़ निवासी अब्बु चंद यादव आ. मेघनाथ यादव (50 वर्ष) विवाह नहीं होने से घर में अकेला था। दो साल पूर्व पत्थलगांव अंतर्गत बदियाखाड़ निवासी बहन रीना यादव के पास रह रहा था।

**निर्वाचक नामावली प्रारूप का प्रकाशन रजिस्टर्ड मतदाता 614509**

**89.42 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने गणना पत्रक किए थे जमा**

**दावा-आपत्ति की अवधि 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक**

# जशपुर विस में 23675 मतदाताओं के नाम विलोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 23 दिसबंर मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। प्रकाशन के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिओम द्विवेदी मौजूद रहे। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की बूथवार मुद्रित व डिजिटल प्रतियां उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा सीईओ छत्तीसगढ़ की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई। निर्वाचन नामावली के प्रारूप का प्रकाशन के अनुसार कुल 72 हजार 740 मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया है। इनमें अनकलेक्टेबल केटेगिरी में विधानसभा जशपुर में 23675 मतदाताओं के नाम विलोपित हुए हैं। जिनमें मृत्यु होने पर 8316, अनुपस्थित पाए जाने पर 4004, स्थायी रूप से स्थानांतरित होने पर 15149, पहले से नामांकित होने पर 1782 और किसी अन्य कारणों से 116 लोगों के नाम विलोपित हुए हैं।

इसी तरह कुनकुरी विधानसभा में अनकलेक्टेबल केटेगिरी में 21528 नाम विलोपित किए गए हैं। जिनमें मृत्यु होने पर 7129, अनुपस्थित पाए जाने पर 1517, स्थायी रूप से स्थानांतरित होने पर 10550, पहले से नामांकित पाए जाने पर 2258 और अन्य किसी कारणों से 74 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं। पत्थलगांव विधानसभा अंतर्गत अनकलेक्टेबल केटेगिरी में 21845 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं। जिनमें मृत्यु होने पर 8230, अनुपस्थित पाए जाने पर 1853, स्थायी रूप से स्थानांनरित होने पर 9653, पहले से नामांकित पाए जाने पर 2069 और अन्य किसी कारणों से 40 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं। निर्वाचन नामावली के प्रारूप अनुसार नो मैपिंग मतदाता की संख्या 8863 हैं। जिनमें जशपुर विधानसभा में 2970, कुनकुरी विधानसंभा अंतर्गत 3317 और पत्थलगांव विधानसभा अंतर्गत 2576 मतदाता शामिल है। एसआईआर के पूर्व मतदाताओं की संख्या 687249 थी। इनमें से 614509 (89.42 प्रतिशत) मतदाताओं ने अपने गणना पत्रक जमा किए। एसआईआर के तहत प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 23 दिसंबर 2025 को मतदाताओं की संख्या 614509 हैं और कुल मतदान केंद्र की संख्या 928 हैं। जिनमें जशपुर विधानसभा अंतर्गत 215234, कुनकुरी विधानसभा अंतर्गत 188462 और पत्थलगांव विधानसभा अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 210813 है।



**वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए भरना होगा फार्म 6**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि वास्तविक पात्र मतदाताओं को दावा एवं आपत्ति चरण 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 के दौरान पुनः मतदाता सूची में जोड़ा जा सकता है। इसके लिए घोषणा पत्र के साथ फार्म 6 भरना होगा इसे एनेक्सर ष्ट और दूसरे डॉक्यूमेंट्स के साथ जमा करना होगा। इसके अनुसार फार्म 6 नए वोटर्स के लिए फार्म 6। विदेश में रहने वाले वोटर्स द्वारा इलेक्ट्रोरल रोल में नाम शामिल करने के लिए एप्लीकेशन, फार्म 7 मौजूदा इलेक्ट्रोल रोल में नाम शामिल करने एवं हटाने के प्रस्ताव पर आपत्ति के वोटर एप्लीकेशन फार्म और फार्म 8 में निवास बदलने एवं मौजूदा इलेक्ट्रोल रोल में एंट्री एवं सुधार, म्प्ढ्ढ बदलने, ढ्ढ मार्क करने के लिए वोटर एप्लीकेशन फार्म भरना होगा। एप्लीकेशन फार्म अपने क्षेत्र के बूथ लेवल आफिसर के पास जमा कर सकते हैं। इसके अलावा एप्लीकेशन फार्म मोबाइल ऐप या के जरिए ऑनलाईन जमा किया जा सकता है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम

निर्वाचन नामावली प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025, दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026, नोटिस अवधि 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक, दावा एवं आपत्ति का निराकरण 14 फरवरी एवं निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### युवा वोटरों को एनरोल करने लगाएं जाएंगे शिविर

निर्वाचन आयोग के द्वारा जो युवा वोटर 01.01.2026 को या उससे पहले 18 साल के हो गए हैं या हो जाएंगे, उन्हें फॉर्म-6 के साथ एनेक्सर ष्ट में दिए गए जरूरी घोषणा पत्र के साथ एप्लाई करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसक साथ ही सभी योग्य युवा वोटरों को एनरोल करने के लिए पूरे जिले में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। विभिन्न जिलों में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए अभियान बनाया गया परिणाम स्वरुप नाम जोड़ने के लिए 5033 फॉर्म 6 प्राप्त हुए हैं। अब तक नए वोटरों को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 (घोषणा पत्र के साथ या उनके बिना) जमा किए गए हैं। जांच और घोषणा पत्र जमा करने के बाद, नाम वोटर लिस्ट में जोड़े जाएंगे। एसआईआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार बिना नोटिस जारी किए एवं स्पीकिंग ऑर्डर पारित किए बिना कोई भी नाम सूची में नहीं हटाया जाएगा। पीड़ित मतदाता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 के अंतर्गत प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट एवं द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की पास कर सकता है। आयोग पारदर्शी, सहभागी एवं समावेशी पुनरीक्षण प्रक्रिया के प्रति तथा कोई योग्य मतदाता ना छूटे वह कोई अयोग्य नाम सूची में शामिल न हो इस उद्देश्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।

## 13 लाख की लूट का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाईवे-43 के बालाछापर इलाके में ट्रक ड्राइवर से हुई 13 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट का जशपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को झारखंड के गढ़वा जिले से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं, घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

मामला 2 दिसंबर 2025 का है। पत्थलगांव के व्यापारी का ट्रक ड्राइवर रांची से माल खाली कर 13 लाख रुपये नगद लेकर पत्थलगांव लौट रहा था। इसी दौरान बालाछापर के पास सुबह करीब 06 बजे, लघुशंका के लिए ट्रक रोकने पर चार अज्ञात बदमाशों ने ड्राइवर के साथ मारपीट ⏭ शेष पेज 4 पर

### गढ़वा से गिरफ्तारी

जांच के दौरान पुलिस को संदिग्ध अल्टो कार का सुराग मिला। कार की कड़ी जोड़ते हुए पुलिस गढ़वा, झारखंड पहुंची और पवन कुमार पासवान उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कदालिया, थाना डंडई, जिला गढ़वा को हिरासत में लिया। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष कराई गई पहचान परेड में ट्रक ड्राइवर ने आरोपी को पहचान लिया।

### पूछताछ में जुर्म कबूल

पूछताछ में आरोपी पवन कुमार पासवान ने बताया कि उसने अपने अन्य चार साथियों के साथ रांची से ही लूट की साजिश रची थी। उन्हें पहले से जानकारी थी कि ट्रक ड्राइवर के पास बड़ी रकम है, जिसकी रेकी भी की गई थी। आरोपी के अनुसार, लूट की रकम में से उसके हिस्से में 1.50 लाख रुपये आए थे, जिनमें से अधिकांश खर्च हो चुके थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 29 हजार रुपये बरामद किए हैं।

### अन्य आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की पहचान कर ली है। उनकी पता-साजी और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

### शीघ्र होगी गिरफ्तारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि बालाछापर में ट्रक से हुई 13 लाख की लूट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी।

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

## हेलमेट व सीट बेल्ट के बिना गाड़ी चलाने वालों पर करें कार्रवाई: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली और बिना हेलमेट और सीटबेल्ट के गाड़ी चलाने वालों पर चालान काटने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर एसएसपी शशि मोहन सिंह भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा की सभी स्कूल के 100 मीटर के दायरे में कोई भी मादक पदार्थ विक्रय करते पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आनलाइन के माध्यम से पुलिस विभाग को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने आम नागरिकों को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग करने को कहा हैं। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को जिले में जहां 10 जगहों पर ब्लैक स्पाट चिन्हांकन किया गया है।उन स्थानों में रात्रि पाली में भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। ताकि दुर्घटना को रोका जा सके साथ ही शराब सेवन करके वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का उलंघन करने वालों चलान काटने की कार्रवाई करें। लोगों को सुरक्षित रखना हमारी पहली प्राथमिकता हैं। इस अवसर पर सभी एसडीएम और पुलिस विभाग परिवहन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

■ शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : एसएसपी

## मकरीबांधा-सिमड़ा के बीच पुल से नीचे गिरी कार, चार लोग थे सवार, दो की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के मकरीबांधा-सिमड़ा मार्ग पर मंगलवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। शाम करीब 4 बजे तेज रफ्तार टाटा पंच कार पुल के पास मोड़ पर अनियंत्रित हो गई और सीधे पुल से नीचे जा गिरी।

कार में चार लोग सवार थे। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। पुल के समीप अचानक मोड़ आने पर चालक संतुलन नहीं बना सका और कार नीचे जा गिरी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया। घायलों को कार से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस व निजी वाहनों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। समय पर इलाज मिलने से गंभीर घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही करड़ेगा पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार और मोड़ पर लापरवाही माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

**राहगीरों ने दिखाई मानवता, बची जान**



## व्यवसाय स्थापित करने ऋण ले सकेंगे हितग्राही

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजनातर्गत व्यवसाय स्थापित करने हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को ऋण लेने पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रूपए तक जो भी कम हो अनुदान राशि प्रदान किया जाएगा। जिला अंत्यावसायी सहाकारी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2025-26 हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों जो कि अपना व्यवसाय स्थापित करने हेतु ऋण लेने के इच्छुक हैं, जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष हो एवं वार्षिक आय 02 लाख 50 हजार हो ऐसे इच्छुक व्यक्ति को बैंक के माध्यम से न्यूनतम ऋण राशि 01 लाख रूपये पर रूपये 50 हजार या ऋण राशि का 50 प्रतिशत जो भी कम हो अनुदान स्वरूप प्रदाय किया जावेगा। लघु उद्योग एवं व्यापार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराये जाने हेतु प्रकरण भेजे जाते हैं। निगम द्वारा अनुदान प्रेषित किया जाता है। ऋण इकाई लागत की अधिकतम सीमा नहीं है। विभिन्न प्रकार की आयजनित योजनाएं यथा-किराना, मनिहारी, कपड़ा, नाई सेलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, फैसी, मनिहारी, मोटर मैकेनिक, सायकिल मरम्मत एवं दुकान, टी व्ही रेडियो मोबाईल रिपेयरिंग, वाइंडिंग, मुर्गीपालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोनापत्तल निर्माण, लघु एवं कुटीर उद्योग एवं स्थानीय परिस्थिति अनुसार अन्य आवश्यकताजनति व्यवसाय हो सकते हैं।

■ ऋण राशि पर मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

## बाईल पूजा: अंचल की आस्था, कृषि और संस्कृति का जीवंत प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



ग्राम बघिमा में परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ बाईल पूजा (धान की बलियों की पूजा) का आयोजन किया गया। यह प्राचीन और पवित्र परंपरा सदियों से किसानों के जीवन, खेती-किसानी और पशुधन से गहरे रूप में जुड़ी हुई है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने खेत-खलिहानों में पहुंचकर धान की नई फसल की पूजा-अर्चना की और पशुधन को देवतुल्य मानते हुए उनका सम्मान किया।

ग्रामीणों का मानना है कि बाईल के बिना खेती और किसान का जीवन अधूरा है। बैल न केवल खेत जोतने और फसल तैयार करने में किसान का सबसे बड़ा सहायक है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। इसी कारण बाईल पूजा के दिन बैलों को स्नान कराकर सजाया जाता है, उनके सींगों पर रंग लगाए जाते हैं और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा कर उन्हें गुड़, चारा व विशेष आहार खिलाया जाता है। बाईल पूजा के माध्यम से किसान प्रकृति, पशु और मानव के आपसी संबंध को सम्मान देते हैं। इस पूजा में अच्छी फसल, समय पर वर्षा, परिवार और पशुधन के स्वास्थ्य तथा गांव में सुख-शांति की कामना की जाती है। पूजा के बाद सामूहिक रूप से प्रसाद वितरण किया जाता है और कई स्थानों पर पारंपरिक गीत-संगीत व लोकनृत्य भी आयोजित किए जाते हैं, जिससे पूरे गाँव में उत्सव का ⏭ शेष पेज 4 पर

**वामन अवतार और कृष्ण जन्म की कथा सुन झूम उठे श्रोता**

# धर्मनगरी कोतबा में उल्लास, भव्य झांकियों ने श्रद्धालुओं का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा के तिलगोड़ा प्रांगण में चल रही सार्वजनिक श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को भक्ति की अविरल धारा बही। कथा वाचिका राधेप्रिया के मुखारविंद से भगवान वामन अवतार, श्रीराम जन्म और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनते ही पूरा पंडाल 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा।

आचार्य बलराम ब्रजवासी जी के परम सानिध्य में चल रही कथा के दौरान मंगलवार को जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, माहौल उत्सवी हो गया। पिता वासुदेव के सिर पर रखी टोकरी में विराजे बाल कृष्ण ने जैसे ही कथा परिसर में प्रवेश किया, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस दौरान 'नंद के आनंद भयो' और 'स्वागतम कृष्णा' जैसे भजनों पर महिलाओं और पुरुषों का समूह जमकर थिरका। जन्मोत्सव की खुशी में भक्तों के बीच चॉकलेट और फूलों की बौछार की गई, जिससे पूरा माहौल ब्रजमय हो गया।



### दान में पूर्णता आते ही याचक बन जाते हैं भगवान

कथा वाचिका सुश्री राधेप्रिया ने वामन अवतार और राजा बलि के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब मानव के दान में पूर्णता आ जाती है, तब भगवान स्वयं याचक बनकर आ जाते हैं और अपने चरण कमलों से भक्त का कल्याण करते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने देवराज इंद्र को उनका खोया हुआ स्वर्ग लौटाने और राजा बलि के अहंकार को मिटाने के लिए वामन अवतार लिया था। राजा बलि ने अपना सर्वस्व दान कर भगवान को भी जीत लिया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान वामन ने उन्हें पाताल लोक का राजा बनाया और स्वयं उनके द्वारपाल बने।

### झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध

कथा के दौरान वामन अवतार, राम जन्म और कृष्ण जन्म की सजीव झांकियां निकाली गईं। भगवान के बाल स्वरूपों के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए श्रोताओं में होड़ मची रही। माखन-मिश्री का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने एक-दूसरे को कृष्ण जन्म की बधाइयां दीं।

### राम मर्यादा हैं, तो कृष्ण कर्म

व्यास पीठ से राधेप्रिया ने श्रीराम और श्रीकृष्ण के चरित्रों का अंतर समझाते हुए कहा कि भगवान राम का जीवन 'मर्यादा' का प्रतीक है। राम के जीवन से हमें मर्यादा और अनुशासन की सीख मिलती है, इसलिए जो राम ने किया, हमें उसका अनुसरण करना चाहिए। वहीं, श्रीकृष्ण ने जो 'कहा' (गीता का उपदेश), हमें उसे मानना चाहिए। उन्होंने गृहस्थ जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईंट-पत्थर के मकान को घर नहीं कहते, जिस घर में मां, बहन, बेटी और पत्नी का सम्मान हो, वही वास्तविक 'घर' है। कथा के अंत में उन्होंने कहा कि प्रभु के आते ही मोह-माया के बंधन टूट जाते हैं और जीव संसार रूपी कारागार से मुक्त हो जाता है।



# तृप्ति ने एयरपोर्ट पर पैपराजी को दिखाया एटीट्यूड...

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी हाल ही में जब मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। उनका स्टाइलिश लुक और पैपराजी से शांत तरीके से बात करना लोगों का ध्यान खींच रहा है। लेकिन, फोटो किल्क कराने के मामले में उन्होंने पैपराजी को एटीट्यूड दिखाया। इस दौरान तृप्ति डेनिम आउटफिट में बेहद स्टाइलिश लुक में नजर आईं। उन्होंने अपने इस लुक को ब्लैक इनर और ब्लैक बूट्स के साथ इनहैंस किया। उनका पूरा लुक सिंपल, आरामदायक और आकर्षक दिखा। चेहरे के आधे हिस्से पर उन्होंने ब्लैक मास्क लगा रखा था, जो पैपराजी को पसंद नहीं आया, क्योंकि इसकी वजह से वह तृप्ति के चेहरे की तस्वीरें क्लिक नहीं कर पा रहे थे।



लाइफ Style

# रश्मिका
## मैसा में नया अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'मैसा' के निर्माताओं ने आज फिल्म को लेकर एक बड़ा एलान किया है। नए साल से पहले रश्मिका के फैंस को एक सरप्राइज मिलने वाला है। सिकंदर, थामा, छावा, किंगडम और द गलफ्रेंड जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुकीं रश्मिका मंदाना अब एक एक्शन फिल्म में नजर आएंगी।

इस फिल्म का नाम है 'मैसा'। सोमवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक खूंखार पोस्टर जारी किया और साथ ही इसकी पहली झलक दिखाने का वादा किया। सोमवार को फिल्म निर्माताओं ने फिल्म 'मैसा' का एक पोस्टर एक्स पर जारी किया। निर्माताओं ने फिल्म की पहली झलक दिखाने का वादा करते हुए बताया कि इस फिल्म की पहली झलक 24 दिसंबर को जारी की जाएगी। फिल्म 'मैसा' एक महिला प्रधान पैन-इंडिया एक्शन थ्रिलर है। इसमें रश्मिका एक पूरी तरह नए अवतार में नजर आएंगी, जो उनके अब तक के रोल से बिल्कुल अलग होगा। पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'घावों से ताकत तक। दर्द से आजादी तक। दुनिया #मैसा का नाम याद रखेगी। पहली झलक 24.12.25 को आएगी। रश्मिका को पहले कभी न देखे गए अंदाज में देखने के लिए तैयार रहें।' इस फिल्म को अनफॉर्मूला फिल्म्स बना रहा है। इसे रवींद्र पुल्ले ने लिखा और डायरेक्ट किया है। शूटिंग जल्द शुरू होगी। कैमरा संभालेंगे श्रेयास पी कृष्णा (जिन्होंने सूर्या की 'रेट्रो' में काम किया है)। हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस कोरियोग्राफ करेंगे एंडी लॉन्ग (जिन्होंने 'कल्कि 2898 एडी' में काम किया है)।

हॉलीवुड मसाला




# द वायर के लिए जाने जाते थे...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अमेरिकी अभिनेता जेम्स रैन्सोन का 46 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जेम्स रैन्सोन को खास तौर पर एचबीओ की प्रतिष्ठित क्राइम ड्रामा सीरीज 'द वायर' में निभाए गए किरदार चेस्टर जिग्गी सोबोटका के लिए जाना जाता है। सीरीज के दूसरे सीजन में उन्होंने एक ऐसे डॉक वर्कर की भूमिका निभाई थी, जो अपराध की दुनिया में उलझा हुआ था। उनकी अदाकारी को आलोचकों और दर्शकों दोनों ने खूब सराहा था।



# अमेरिका की फर्स्ट लेडी की जिंदगी की मिली झलक...

**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें मेलानिया ट्रंप से ही शुरुआत होती है। वह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के सफर को दिखाती है। किस तरह से उन्हें सलाह और सपोर्ट देती है, इन बातों की झलक ट्रेलर में मिलती है। ट्रेलर के आखिरी में मेलानिया और ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत होती है। वह कहती हैं, 'हैलो मिस्टर प्रेसिडेंट, बधाई हो। इस पर डोनाल्ड ट्रंप पूछते हैं, क्या तुमने देखा? मेलानिया जवाब देती हैं, 'हां, मैं इसे न्यूज में देखा। यह बातचीत उस समय की जब ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे। डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' के ट्रेलर के साथ इसकी रिलीज डेट भी शेयर की गई है। यह डॉक्यूमेंट्री अगले साल थिएटर में रिलीज होगी। डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की रिलीज डेट 30 जनवरी 2026 है।



# नया गाना आदत रिलीज किया शानदार डांस

**मुंबई।** सिंगर हनी सिंह अपने बेहतरीन गानों के लिए जाने जाते हैं। इस बार वह बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर और एपी ढिल्लों के साथ गाना 'आदत' लेकर आए हैं। 3 मिनट 42 सेकंड के वीडियो में हनी सिंह गाना गा रहे हैं और वाणी कपूर के साथ डांस भी कर रहे हैं। यह गाना एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के तहत आया है। गाने में देखा जा सकता है कि वाणी कपूर ने कई बेहतरीन आउटफिट में डांस किया है। गाने में वह कभी एपी ढिल्लों के साथ डांस कर रही हैं तो कभी हनी सिंह के साथ डांस कर रही हैं। गाने में समुद्र, स्विमिंग पूल, घोड़े के अस्तबल और शानदार घर नजर आए हैं। 'आदत' के लिरिक्स हनी सिंह, एपी ढिल्लों और शिंदा कहलों ने लिखे हैं। विनोद वर्मा ने इस गाने को म्यूजिक दिया है। गाने के वीडियो के निर्देशक मिहिर गुलाटी हैं।



# अब अजय की दृश्यम-3 की हुई घोषणा...

**मुंबई।** अजय देवगन की सुपरहिट सस्पेंस-थ्रिलर दृश्यम के तीसरे पार्ट का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में मोहनलाल ने दृश्यम 3 के असली मलयालम वर्जन की शूटिंग शुरू की थी। अब अजय की दृश्यम 3 को लेकर भी जानकारी सामने आ गई है। मेकर्स ने सोमवार को अजय स्टारर 'दृश्यम 3' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। दृश्यम 3 का निर्देशन का अभिषेक पाठक ने किया है। 2 अक्टूबर 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म की कास्ट को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, उम्मीद है कि तीसरे पार्ट में कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां पिछले पार्ट में खत्म हुई थी। ऐसे में अब देखना ये है की फिल्म की कास्ट में कोई बदलाव होता है या नहीं। सबसे ज्यादा निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या अक्षय खन्ना का किरदार इस फिल्म में दिखाई देगा या नहीं।

टीवी मसाला




# खाने के लिए पैसे नहीं थे मुश्किल से किया गुजारा

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी, मायका, प्यार का बंधन, आहट, संस्कार लक्ष्मी जैसे पॉप्युलर टीवी शो का हिस्सा रह चुके विवान भटेना को हाल ही में फरहान अख्तर की 120 बहादुर में देखा गया था। शरारत एक्टर ने अपने कॅरियर के पीक पर टीवी को छोड़ दिया था और इसकी वजह एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताई है। उनके मुताबिक, एक समय पर उनकी आर्थिक स्थिति इतनी खराब थी कि वह मुश्किल से गुजारा कर पाते थे। विवान भटेना ने बताया, मुझे हमेशा से ही एनआरआई वाले रोल्स मिलके थे। लेकिन, इस बात को कोई नहीं मानता था कि मेरे पास खाने के लिए भी पैसा नहीं होते थे। हम जैसे-तैसे गुजारा करते थे। हालांकि, मैं ये नहीं कहूंगा कि हम बहुत गरीब थे, लेकिन वाकई गुजारा करना मुश्किल था। विवान ने आगे बताया कि उन्हें कुछ पैसे कमाने के लिए वीडियो जॉकी के रूप में काम करना पड़ा था। मुझे टीवी थोड़ा बोरिंग लगने लगा था। उससे ऊब गया था। क्योंकि, मैं 7-8 साल से एक ही काम कर रहा था। एक्टर के मुताबिक, वह उस वक्त एक साथ दो शोज कर रहे थे। वह सुबह उठते ही जिम जाते थे। सुबह 9 बजे तक सेट पर पहंच जाते थे और 2 बजे तक शूटिंग करते थे। फिर दूसरे सेट पर जाते और वहां रात के 10 बजे से सुबह 2 बजे तक शूटिंग करते थे। विवान ने बताया कि इस तरह शूटिंग करने से उनकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ा था। लेकि,न वह मजबूरन ये करते थे क्योंकि उनकी शादी हो चुकी थी और उन पर कई जिम्मेदारियां थी। उन्होंने कहा कि टीवी के शुक्रगुजार हैं, क्योंकि उसकी वजह से ही वह अपना होमलोन चुका पाए थे। आज टीवी की वजह से ही मेरे पास बांद्रा में दो घर हैं। लोग इस मीडियम को घटिया कहते हैं। नीची नजर से देखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है।


## घिन आ रही, सबसे डरावना अनुभव था

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो स्टार उर्फी जावेद चर्चा में हैं। उन्होंने मुंबई पुलिस स्टेशन से अपनी और बहन की फोटो शेयर करके फैंस को हैरान कर दिया है। उर्फी ने सोमवार तड़के अपनी फोटो शेयर की, जो देखते ही देखते वायरल हो गई। उन्होंने ये जानकारी नहीं दी है कि वो पुलिस स्टेशन में क्यों है। उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी और बहन डॉली जावेद की फोटो शेयर की। उन्होंने इसे अपनी जिंदगी का 'सबसे डरावना अनुभव' बताया। उनकी बहन डॉली जावेद ने भी एक पोस्ट किया है, जिसमें बताया है कि मुंबई में एक हफ्ते में ये दूसरी बार है, जब उन्हें असुरक्षित महसूस हो रहा है। उर्फी जावेद ने 22 दिसंबर की सुबह मुंबई के दादाभाई नौरोजी पुलिस स्टेशन से कुछ फोटोज इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कीं। एक फोटो में वो और उनकी बहन पुलिस स्टेशन में नजर आ रही थीं। कैप्शन में उर्फी ने लिखा, 'सुबह के 5 बज रहे हैं और मैं पुलिस स्टेशन में हूं।



# सेंसर बोर्ड ने 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का हटाया सीन...

मुंबई। बॉलीवुड की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्मों में शुमार 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की यह फिल्म इस साल की क्रिसमस रिलीज मानी जा रही है और 25 दिसंबर को बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। रिलीज से पहले अब फिल्म को सेंसर बोर्ड की तरफ से बड़ा झटका लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सेंसर बोर्ड की ओर से यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। यानी अब यह फिल्म 16 साल से कम उम्र के दर्शक माता-पिता की निगरानी में ही देख सकेंगे। यह फैसला फिल्म के कुछ सीन और डायलॉग्स को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बताया जा रहा है कि सेंसर बोर्ड की जांच समिति ने फिल्म में कुल तीन बदलाव करने के निर्देश दिए थे। इनमें सबसे अहम बदलाव एक रोमांटिक सीन से जुड़ा है, जिसे बोर्ड ने जरूरत से ज्यादा बोल्ड मानते हुए छोटा करने को कहा। इसके चलते करीब 15 सेकंड




का एक सीन फिल्म से कम कर दिया गया है। हालांकि, मेकर्स ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई और तुरंत बदलावों को स्वीकार कर लिया। इसके अलावा, फिल्म के कुछ डायलॉग्स और सबटाइटल्स में इस्तेमाल किए गए आपत्तिजनक शब्दों को भी हटाने या म्यूट करने के निर्देश दिए गए। खास तौर पर फिल्म के सेकंड हाफ में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों और उनके संक्षिप्त रूपों पर सेंसर बोर्ड ने आपत्ति जताई थी। सभी बदलाव पूरे होने के बाद ही फिल्म को सर्टिफिकेट जारी किया गया।

# एक दीवाने की दीवानियत से मिडिल क्लास तक
## दिसंबर के आखिरी सप्ताह में रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज


**नई दिल्ली।** सोमवार से नए सप्ताह की शुरुआत हो चुकी है। यह इस साल का आखिरी वीक है। दिलचस्प बात है कि क्रिसमस का त्योहार भी इसी सप्ताह पड़ रहा है। थिएटर्स में कई नई फिल्में दस्तक देंगी। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में अगर आप ओटीटी पर ही एंटरटेनमेंट का डोज लेना चाहते हैं तो इस बार आपके लिए भी काफी कुछ खास है। जानिए

***मिडिल क्लास*** : अगर आपको कोई कॉमेडी फिल्म देखनी है तो इस वीक 'मिडिल क्लास' को लिस्ट में शामिल कर लीजिए। यह कॉमेडी से लबरेज एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। तमिल फिल्म 'मिडिल क्लास' 25 दिसंबर से जी5 स्ट्रीम होगी।

***रोंकिनी भवन*** : यह एक बंगाली साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है, जो नई शादीशुदा जूथिका (श्यामोप्ति मुडली) और आदित्यनाथ (गौरब रॉय चौधरी) की कहानी पर आधारित है। घर में हाल ही में शादीशुदा महिलाओं के गायब होने या दुखद मौत का एक परेशान करने वाला पैटर्न है। साथ ही एक








भयानक पारिवारिक परंपरा और पौराणिक देवी रोंकिनी से जुड़ा एक कथित श्राप भी है। जूथिका इनका पता लगाती है। इस दौरान वह रीति-रिवाजों, रहस्यों और पीढ़ियों से चले आ रहे डर की भूलभुलैया से भी गुजरती है। तभी वह परिवार के डरावने अतीत का शिकार होने से बच पाएगी। यह सीरीज भी 25 दिसंबर से जी5 पर देख सकेंगे।

***एक दीवाने की दीवानियत*** : हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा अभिनीत फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' इस साल अक्तूबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 26 दिसंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगी।

***रिवॉल्वर रीटा*** : कीर्ति सुरेश की डार्क कॉमेडी फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। इसकी डिजिटल रिलीज का ऐलान हो चुका है और इस हफ्ते दर्शक इसे देख पाएंगे। 'रिवॉल्वर रीटा' 26 दिसंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।

***कवर अप*** : इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में हॉलीवुड फिल्म भी है। फिल्म 'कवर अप' इस वीक दस्तक देगी। सिनेमाघरों के बाद यह ओटीटी पर आ रही है और 26 दिसंबर से 26 नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## किसी ने एक्शन-थ्रिलर के जरिए तो किसी ने रिश्ते और समाज पर पेश की गहरी कहानी

# इस साल डायरेक्टर के तौर पर इन सितारों ने किया डेब्यू

***नई दिल्ली।** साल 2025 हिंदी सिनेमा के लिए कई मायनों में खास रहा। इस साल न सिर्फ बड़े सितारों की फिल्में चर्चा में रहीं, बल्कि कई नामी कलाकारों ने पहली बार निर्देशन की जिम्मेदारी भी संभाली। किसी ने एक्शन और थ्रिलर के जरिए अपनी बात रखी, तो किसी ने रिश्तों, समाज और सिनेमा पर गहरी कहानी पेश की।*

**सोनू सूद- फतेह** : साल की शुरुआत में सोनू सूद ने निर्देशन में कदम रखा। उनकी फिल्म फतेह एक ऐसे पूर्व एजेंट की कहानी कहती है, जो शांति भरी जिंदगी छोड़कर साइबर अपराध की दुनिया से भिड़ने निकलता है। बतौर निर्देशक सोनू सूद ने एक गंभीर विषय को चुना, हालांकि फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली और बॉक्स ऑफिस पर यह ज्यादा कमाल नहीं दिखा सकी।

**बोमन ईरानी- द मेहता बॉयज** : अनुभवी अभिनेता बोमन ईरानी ने निर्देशन की शुरुआत बेहद संवेदनशील विषय से की। द मेहता बॉयज में पिता और बेटे के रिश्ते की जटिलताओं को सादगी से पेश किया गया। फिल्म को कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना मिली और ओटीटी पर रिलीज के बाद इसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

**करण सिंह - केसरी चैप्टर 2** : पेशे से वकील रहे करण सिंह त्यागी ने अपने निर्देशन डेब्यू में इतिहास और कानून को जोड़ते हुए एक सशक्त कहानी दिखाई। केसरी चैप्टर 2 जलियांवाला बाग कांड को एक कानूनी दृष्टिकोण से पेश करती है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर संतुलित प्रदर्शन किया और समीक्षकों ने इसके कंटेंट की तारीफ की।

**कुश - निकिता रॉय** : शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे कुश एस सिन्हा ने अभिनय छोड़ निर्देशन को चुना। उनकी थ्रिलर फिल्म निकिता रॉय में सोनाक्षी सिन्हा अहम भूमिका में नजर आईं। बावजूद इसके, फिल्म ज्यादा चर्चा में नहीं आ सकी और दर्शकों के बीच खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई।

**अंशुमन झा- लॉर्ड कर्जन की हवेली**
अंशुमान झा का निर्देशन डेब्यू लंबे इंतजार के बाद रिलीज हुआ। डार्क कॉमेडी जॉनर में बनी इस फिल्म ने अलग सोच दिखाई, लेकिन न तो बॉक्स ऑफिस पर और न ही समीक्षकों के बीच खास प्रभाव छोड़ पाई।







**टिस्का चोपड़ा- साली मोहब्बत** : अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने साली मोहब्बत के जरिए निर्देशन में कदम रखा। फिल्म एक साधारण गृहिणी की असाधारण कहानी कहती है। ओटीटी पर रिलीज़ हुई इस फिल्म को मिश्रित से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं और तिस्का के निर्देशन की सराहना भी हुई।

**अश्विन -महावतार नरसिम्हा** : 2025 का सबसे बड़ा सरप्राइज़ साबित हुए अश्विन कुमार। बिना किसी बड़े स्टार और सीमित बजट में बनी महावतार नरसिंह ने भारतीय एनीमेशन सिनेमा को नई ऊंचाई दी। तकनीक और कहानी की वजह से फिल्म साल की सबसे बड़ी हिट्स में शामिल रही और इसके फ्रैंचाइज़ी की घोषणा भी हो चुकी है।

**आर्यन - द बैड्स ऑफ बॉलीवुड** : शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का निर्देशन डेब्यू सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहा। उन्होंने एक सटायर सीरीज़ के जरिए हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की कार्यशैली पर तंज कसा। विवादों, वायरल सीन और बोल्ड कंटेंट के कारण यह डेब्यू लंबे समय तक चर्चा में बना रहा।

**कायोज- सरजमीन** : बोमन ईरानी के बेटे कायोज़ ईरानी ने भी इसी साल निर्देशन में कदम रखा। सरज़मीन एक संवेदनशील विषय पर बनी फिल्म थी, जिसे ओटीटी पर रिलीज़ किया गया। फिल्म को ठंडी प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बतौर निर्देशक कायोज के प्रयासों को नोटिस किया गया।

**चिन्मय - इंस्पेक्टर जेंडे** : मराठी सिनेमा के चर्चित अभिनेता चिन्मय मंडलेकर ने निर्देशन में कदम रखते हुए एक सच्ची घटना को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश किया। इंस्पेक्टर जेंडे को ओटीटी पर अच्छी समीक्षाएं मिलीं, खासतौर पर इसके अभिनय और ट्रीटमेंट के लिए।

## खबर संक्षेप

### पिकअप और इको में भिड़ंत, एक की मौत

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पिकअप और इको वाहन में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुनीता भगत निवासी कमोसिंनडांड ने धरमजयगढ थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उसके पति पौलाराम भगत (33) रविवार को अपने तीन बच्चों अर्पण भगत (9), अरूणा भगत (7) व अंशु भगत (5) के साथ साप्ताहिक बाजार करने अपने इको वाहन में सवार होकर धरमजयगढ गए हुए थे। रात करीब 7:30 बजे उन्हें फोन के जरिए सूचना मिली कि उसके पति और बच्चे जब घर लौट रहे थे तो मिरीगुडा यात्री प्रतिक्षालय के पास उनका एक्सीडेंट हो गया है। इस सूचना पर जब वह मौके पर पहुंची तो देखा कि पिकप व इको वाहन के बीच आमने-सामने में एक्सीडेंट हुआ था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि इस दुर्घटना में घायल बच्चे और पौलाराम भगत को सिविल अस्पताल धरमजयगढ में भर्ती कराया गया था। जहां पौलाराम भगत की अस्पताल में मौत हो गई है। मृतक की पत्नी सुनीता भगत की रिपोर्ट के बाद धरमजयगढ़ पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अवैध कटाई की कलेक्टर से की गई शिकायत

**सरसींवा।** पीएमश्री हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में पर्यावरण संरक्षण के नियमों को ताक पर रखकर 25 से 30 पेड़ काट डाले गए। पेड़ों की कटाई के लिए किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति भी नहीं ली गई है। परिसर के आसपास रहने वाले और पालकों के अनुसार स्कूल परिसर में सालों पुराने छायादार और फलदार पेड़ थे। यह न सिर्फ स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराते थे, बल्कि गर्मियों में राहत का बड़ा साधन थे। नियमों के अनुसार सरकारी परिसर में एक भी पेड़ काटने से पहले वन विभाग और नगर प्रशासन से लिखित अनुमति अनिवार्य होती है। इसके बावजूद बिना अनुमति पेड़ काटा जाना गंभीर लापरवाही और नियमों का खुला उल्लंघन है। स्थानीय नागरिकों ने पेड़ काटने के मामले में जांचकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद पटेल के खिलाफ स्कूली बच्चों से रोजाना झाड़ू पोंछा और साफ-सफाई का काम कराने का आरोप है। आरोप के अनुसार प्राचार्य पर बच्चों से स्कूल समय में काम कराने का भी आरोप, पढ़ाई के समय बच्चों से नियमित रूप से कक्षाओं, रामदे और परिसर की सफाई करवाई जाती है। मामले को लेकर कलेक्टर को 15 बिंदुओं में लिखित शिकायत, सौंपी गई है। इसमें पेड़ों की अवैध कटाई, बच्चों से काम कराना, प्रशासनिक लापरवाही सहित अन्य गंभीर आरोप शामिल हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 13 लाख की लूट ...

कर ट्रक के केबिन से नगदी लूट ली और अल्टो कार से फरार हो गए। ड्राइवर की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में बीएनएस की धारा 309(6), 351(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामला लाखों की लूट से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने तुरंत घटनास्थल का निरीक्षण किया, सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

### बाईल पूजाः अंचल की ...

माहौल बन जाता है। ग्रामीण बुजुर्गों ने बताया कि बाईल पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम भी है। यह परंपरा नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने, प्रकृति के प्रति सम्मान और सामूहिक जीवन मूल्यों का संदेश देती है। ग्राम बघिमा में वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी उसी आस्था और विश्वास के साथ निभाई जा रही है, जो यह दर्शाती है कि आधुनिकता के बीच भी ग्रामीण समाज अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजकर आगे बढ़ रहा है।

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक सम्पन्न

# भूमिहीन कृषकों को दें योजना का लाभ

**सभी विभाग प्रमुख शासकीय राशि के लेन देन और योजना के तहत सिर्फ एक खाता का करे संचालन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों की गहन समीक्षा की और लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक सहित सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना की विस्तार से समीक्षा की और ऐसे किसान जिनकी भूमि नहीं, उन किसानों का बैंक के माध्यम से ई केवाईसी अपडेट करवाकर योजना का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी एसडीएम को इस काम में तहसीलदार, पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव और बैंक वालों का भी सहयोग लेने के लिए कहा। ताकि दिए गए लक्ष्य को पूरा किया जा सके। कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा की और लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग, खनिज विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, विभाग, कृषि विभाग, नगरी निकाय के अधिकारियों और अन्य अधिकारियों को योजना के तहत अपने विभाग के निर्माण एजेंसी का भी पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी जिनका लोकल जशपुर में खुद का मकान बनवाए है वे भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों निर्देश देते हुए कहा कि विभाग के माध्यम से बैंक में खाता खोला गया था। और 10 साल से उस खाते में लेन-देन नहीं हुआ है ऐसे खाते को बंद करके बैंक में जमा राशि को शासन के खाते में जमा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ देने के लिए विभाग का सिर्फ एक खाता ही रहेगा। अलग अलग बहुत सारे खाते नहीं खोलना है। कलेक्टर ने जल शक्ति अभियान तहत संबंधित अधिकारियों को अपने विभाग की गतिविधियों और कार्यों को पोर्टल में एंट्री करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के तहत शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जशपुर में 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। जल शक्ति अभियान भारत सरकार का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसे जल शक्ति मंत्रालय द्वारा वर्षा जल संचयन, संरक्षण और पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए चलाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश के सभी जिलों में पानी की कमी को दूर करना है और यह नागरिकों की भागीदारी के साथ 'कैच द रेन' (वर्षा जल संचयन) थीम पर केंद्रित है, जिसमें जल निकायों के संरक्षण, जागरूकता पर जोर दिया जाता है।



# केवीके में 125 किसानों का सम्मान

**जशपुरनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर द्वारा मंगलवार 23 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 125 किसान शामिल हुए, जिनमें बड़ी संख्या में महिला किसान भी मौजूद रहीं। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने कृषि क्षेत्र में नारी सशक्तिकरण की मजबूत तस्वीर पेश की। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन, मिट्टी स्वास्थ्य, जैविक खेती और महिला किसानों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि आधुनिक पद्धतियों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन संभव है।

- **उन्नत खेती, जैविक कृषि और महिला सशक्तिकरण पर मंथन**

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख (एसएस एंड हेड) राकेश कुमार भगत ने की। उन्होंने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने किसानों से मिट्टी परीक्षण कराने, संतुलित उर्वरक उपयोग और जैविक खेती की ओर बढ़ने का आह्वान किया।

### नवीन कृषि यंत्रों का प्रदर्शन

विषय वस्तु विशेषज्ञ महेंद्र कुमार पटेल ने किसानों को नवीन कृषि यंत्रों का प्रदर्शन कराया। इसके साथ ही उन्नत बीजों का वितरण किया गया और विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा मौके पर ही सुझाया गया।

### भविष्य में भी होंगे ऐसे आयोजन

केवी के जशपुर एवं कृषि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को आश्वस्त किया गया कि आगे भी ऐसे प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि किसान आधुनिक तकनीकों का लाभ लेकर अपनी आय बढ़ा सकें। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख राकेश कुमार भगत ने सभी किसानों को राष्ट्रीय किसान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**रायगढ़।** नई शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत विकासखंड रायगढ़ की प्राथमिक शालाओं में कक्षा पहली, दूसरी एवं तीसरी का अध्यापन करने वाले शिक्षकों के लिए नवीन पाठ्य पुस्तकों एवं शिक्षण योजना पर आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 15 से 20 दिसंबर तक सफलतापूर्वक किया गया।

- **नैतिक शिक्षा व बाल केंद्रित शिक्षण पर दिया गया विशेष जोर**

यह प्रशिक्षण कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश तथा जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केवी राव एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड के चार चयनित केंद्रों प्राथमिक शाला ननसिया, माध्यमिक शाला जुर्डा, प्राथमिक शाला कोतरा एवं माध्यमिक शाला उर्दना में सुचारु रूप से संचालित किया गया।
प्रशिक्षण का संचालन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट धर्मजयगढ़ से प्रशिक्षित एवं अनुभवी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया गया। इनमें रोहित सिदार, पहलाद चौहान, श्रीमती शिव कुमारी कंवर, श्रीमती लता महंत, मीना सहित अन्य प्रशिक्षक शामिल रहे। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा शिक्षकों को नवीन पाठ्यपुस्तकों की अवधारणा, आधुनिक अध्यापन विधियाँ, गतिविधि आधारित शिक्षण, सीखने के परिणाम तथा सहायक एवं पूरक सामग्री के प्रभावी उपयोग पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति क्यूआर कोड आधारित प्रणाली से दर्ज की गई, जिससे पारदर्शिता एवं अनुशासन सुनिश्चित हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रारंभिक कक्षाओं में नैतिक शिक्षा, जीवन मूल्य, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सांस्कृतिक चेतना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों में देश, समाज एवं संस्कृति के प्रति गर्व की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है और इसमें शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### पिता की चिता पर ली कसम आज भी निभा रहे हैं चित्रभानु

**राउरकेला।** आधुनिक ओड़िया संगीत के महान कलाकार अक्षय महांति खोकाभाई के सुपुत्र चित्रभानु महांति आज भी अपने पिता की विरासत को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ा रहे हैं। पिता की चिता के पास ली गई कसम जीवनभर उनके गीतों को जीवित रखने की को वे आज तक निभा रहे हैं। राउरकेला आए चित्रभानु ने कहा कि यह शहर उनके और उनके पिता दोनों के लिए खास रहा है। यहां के श्रोता कला और कलाकारों को गहरा सम्मान देते हैं। वर्ष 2003 में पहली बार राउरकेला आने के बाद से इस शहर से उनका भावनात्मक रिश्ता जुड़ गया। चित्रभानु के अनुसार बहुभाषी होने के बावजूद राउरकेला के लोगों के दिल में ओड़िया गीतों के लिए विशेष स्थान है। उन्होंने बताया कि राउरकेला पर आधारित एक लोकप्रिय गीत की रचना और गायन स्वयं अक्षय महांति ने किया था। युवाओं को संदेश देते हुए चित्रभानु ने कहा कि बिना साधना और अनुशासन के कोई भी सफलता संभव नहीं है।

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की वर्चुअल बैठक संपन्न

**जशपुरनगर।** जिला स्तरीय वर्चुअल बैठक में जिला जशपुर के कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से जुड़े विभिन्न संघो, विभिन्न विभागों के जिला पदाधिकारीगण तहसील एवं विकासखंड पदाधिकारीर् के द्वारा सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी 29 से 31 दिसंबर तक फेडरेशन का तीन दिवसीय जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार जशपुर जिला मुख्यालय में होगा ।

उक्त आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी अधिकारी को जोड़ने का निर्णय किया गया। आंदोलन के पूर्व आवश्यक तैयारी की समीक्षा फेडरेशन के जिला संयोजक एवं जिला महासचिव जिला उप संयोजक व कार्यकारणी के द्वारा सतत किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार राज्य से प्राप्त निर्देशों का पालन किया जाएगा जिसके अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक संतोष टांडे ने प्रांतीय निर्देश व 11 सूत्रीय मांग पर विस्तृत जानकारी दी तथा हड़ताल को सफल बनाने की अपील की। सरगुजा संभाग स्तरीय बैठक मे 19-12-2025 को अजय गुप्ता उप संयोजक ने जिला की कमान संभालते हुवे प्रांतीय नेतृत्व को स्पष्ट किया कि प्रांतीय निर्देश अनुसार जिला में तीन दिवसीय आंदोलन संचालित होगा। जिला महासचिव राजेश अम्बस्ट ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारी अधिकारी को आह्वान किया। फेडरेशन के जिला उपाध्यक्ष एवं पंचायत कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष श्याम बिहारी चौहान, वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नंद कुमार यादव सहित जिला फेडरेशन व समस्त तहसील संयोजको ने एक स्वर में आंदोलन को सफल बनाने का अधिकारी कर्मचारियो से आह्वान किया।

### आशियाना गंवाने वालों का आरएमसी पर प्रदर्शन

**राउरकेला।** कड़ाके की ठंड में मानटोला से आर एम सी ने अतिक्रमण तो हटा दिया, लेकिन 50 से अधिक ऐसे लोग अभी भी है,जिन्हें घर नही मिला और वे महीने भर से खुले आसमान के नीचे रह रहे है। सोमवार को न्याय से वंचित मानटोला के लोगों ने आर एम सी के समक्ष प्रदर्शन किया। निगम आयुक्त से वार्ता में सर्वे व न्याय का भरोसा मिला है। बता दें की सिविल टाउनशिप स्थित मानटोला बस्ती के लोगो के बीच पीएम आवास आवंटन को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। बस्तीवासियों का आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों की सूची में बाहरी लोगों से पैसे लेकर नाम जोड़ने और वास्तविक विस्थापितों के नाम हटाने का खेल किया गया है। बस्तीवासियों के अनुसार, विकास कार्यों के नाम पर राउरकेला महानगर निगम द्वारा मानटोला बस्ती को ध्वस्त कर दिया गया था। उस समय निगम की ओर से यह आश्वासन दिया गया था कि पुनर्वास किए बिना किसी भी बस्तीवासी को नहीं हटाया जाएगा।

# नई चेतना 4.0 जेंडर अभियान में रायगढ़ को विशेष सम्मान

**रायगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत संचालित जेंडर अभियान के प्रभावी और योजनाबद्ध क्रियान्वयन के लिए रायगढ़ जिले को राज्य स्तरीय नई चेतना 4.0 जेंडर अभियान कार्यशाला में विशेष सम्मान से नवाजा गया है।

यह उपलब्धि कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला पंचायत तथा बिहान मिशन की टीम के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। राज्य स्तरीय नई चेतना 4.0 जेंडर अभियान कार्यशाला का आयोजन सर्किट हाउस, सिविल लाइन्स, रायपुर में किया गया, जहां रायगढ़ जिले को जेंडर अभियान की प्रबंधन सूचना प्रणाली एमआईएस का पूर्ण क्रियान्वयन करते हुए राज्य में सर्वाधिक प्रविष्टि दर्ज करने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिले द्वारा समयबद्ध सटीक और पारदर्शी सूचना प्रविष्टि के साथ साथ जेंडर संवेदनशील कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए प्रदान किया गया। जिले की ओर से यह सम्मान एनआरएलएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अविक बासु, जेंडर मास्टर ट्रेनर श्रीमती मेनका सिदार एवं एफएनएचडब्ल्यू मास्टर ट्रेनर श्रीमती गीतमला दीदी ने सर्किट हाउस, सिविल लाइन्स, रायपुर में उपस्थित होकर ग्रहण किया।

### विद्यार्थियों को किया गया स्वेटर वितरण

**अकलतरा।** नगर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को पूर्व कांग्रेस नेता स्वर्गीय नंदकिशोर मनक्सिया के स्मृति में उनके पुत्र नीरज कुमार मनक्सिया के द्वारा एवं कपड़ा व्यवसाई स्वर्गीय भागचंद जैन की स्मृति में उनके पुत्र राकेश जैन के द्वारा स्वेटर वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक रवींद्र सिंह बैस ने बताया कि नगर के दोनों ही व्यवसाईयों के द्वारा अपने-अपने पिता की स्मृति में छात्राओं को स्वेटर वितरण किया जा रहा है जो अपने स्वजनों को श्रद्धांजलि देने का बेहतर माध्यम होने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी है।

# मनरेगा क़े नाम बदलने पर कांग्रेस का विरोध नौटंकी : विकास

**रायगढ़।** मनरेगा क़े नाम बदले जाने पर कांग्रेस द्वारा दिए गए एक दिवसीय धरने क़ो नौटंकी बताते हुए भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विकास केडिया ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए पूछा कि नाम बदलने से कांग्रेस क़ो इतनी तकलीफ परेशानी है तो भूपेश सरकार ने सत्ता रहते दीनदयाल उपाध्याय स्वालंबन योजना का नाम बदलकर राजीव गांधी स्वालंबन योजना, दीनदयाल उपाध्याय सर्व समाज मांगलिक भवन योजना का नाम बदलकर डॉ. बी आर अंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन योजना, दीनदयालय उपाध्याय एलईडी पथ प्रकाश योजना का नाम बदलकर इंदिरा प्रियदर्शनी एलईडी पथ प्रकाश योजना, दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केंद्र का नाम बदलकर राजीव गांधी आजीविका केंद्र व दीनदयाल उपाध्याय शुद्ध पेयजल योजना का नाम बदलकर इंदिरा प्रियदर्शनी शुद्ध पेयजल योजना क्यों रख दिया था यह भी आम जनता क़ो बताना चाहिए। कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र पर आपत्ति जताते हुए ऊर्जावान महामंत्री विकास केडिया ने कहा देश में 415 योजनाएं नेहरू गांधी परिवार के नाम पर चल रही है, जिसमें सड़क इमारत खेल अवॉर्ड, संस्थान, फेस्टिवल चिकित्सा संस्थान, अस्पताल स्कॉलरशिप नेशनल पार्क एयरपोर्ट और बंदरगाह के चौक चौराहे शामिल हैं।





# छाल में गूंजा सनातन संस्कृति का जयघोष

**नवापारा/छाल।** छाल क्षेत्र में सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रायगढ़ जिले के छाल स्थित मंगल भवन प्रांगण में सोमवार को एक भव्य विराट हिन्दू समागम का आयोजन किया गया। विशाल हिन्दू सम्मेलन मण्डल छाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में साधु संतों और धर्म प्रेमियों का महाकुंभ देखने को मिला।

- **आयोजित की गई ऐतिहासिक शिवराट हिन्दू समागम**

इस धर्मसभा में विशिष्ट आतिथ्य और प्रमुख वक्ता के रूप में अभा मार्गदर्शक मंडल विहिप के सदस्य और छत्तीसगढ़ शासन से राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त महामंडलेश्वर मनमोहन दास महाराज राधे राधे बाबा उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी ओजस्वी विचारों से जनमानस को संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राम मंदिर आश्रम, खरसिया के पूज्य स्वामी त्रिवेणीदास महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत छाल के पूर्व सरपंच नीलाम्बर सिंह राठिया ने किया।

### सामाजिक समरसता का संदेश

आयोजन समिति ने हिन्दव सोदरा सर्वे न हिन्दू पतितो सभी हिन्दू सगे भाई हैं कोई हिन्दू पतित नहीं है और मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्र समानता के ध्येय वाक्य के साथ समाज में समानता और एकता का संदेश देने का संकल्प लिया है। इस धार्मिक समागम में विशेष उपस्थिति के तौर पर गुरु महंत समाज घरघोड़ी के सुहावन दास खरसिया के श्रवण साहेब तथा अन्य पूज्य संतजन व समाज सेवक उपस्थित रहे। महाप्रसाद की व्यवस्था आयोजक हिन्दू सम्मेलन समिति के द्वारा कार्यक्रम में पधारने वाले सभी सनातनी बंधु भगिनियों के लिए भोजन महाप्रसाद की उचित व्यवस्था की गई थी।

सम्मिलित हुए जिलाध्यक्ष अनिल कुमार चौहान

# चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का डायमंड जुबली कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर




छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का 75 वर्ष पूर्ण होने पर जिला नारायणपुर में एकता अभियान साथी सम्मान के थीम पर कार्यक्रम रखा गया था।

जिसमें मुख्य अतिथि प्रान्ताध्यक्ष श्विन्देश्वर राम रौतिया, विशिष्ठ अतिथि प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे, सभागीय अध्यक्ष सनकू कर्मा, अतिथि जिलाध्यक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़ अनिल कुमार चौहान, जिलाध्यक्ष रायगढ़ वेद प्रकाश अजगल्ले, जिलाध्यक्ष अजाक रायगढ़ कमल सिंह सारथी को मांदर की थाप धुन पर आदिवासी लोक नृत्य करते हुए अबूझमाड़ नारायणपुर की शहर की गलियों में आतिशबाजी के साथ रैली निकालकर हजारों की संख्या में ससम्मान पुष्प गुच्छ, पारम्परिक तौर तरीका के साथ टीका लगाकर, बेच लगाकर तथा महामाला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। उपस्थित हजारों कर्मचारियों के समक्ष 2025 मे दर्जनों सेवनिवृत हुये अपने कर्मचारी साथियों को ससम्मान शाल श्रीफल एवं मोमेंटो से विदाई दिया गया साथ भविष्य मे जरूरत पर सहयोग की अपील की गई, पदोन्नत दर्जन कर्मचारियों को शाल श्रीफल से नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। एवं नवनियुक्त दर्जनों कर्मचारियों को पुष्प हार बुके गमछा से ससम्मान स्वागत किया गया साथ वचन लिया गया की आपसे संगठन हैं और संगठन से आप इसलिए संगठन के रीत मे और संगठन के हित मे कार्य करेंगे। सभी कर्मचारी साथियो द्वारा कार्यक्रम का आनंद लेते हुए सभी आगतुको का स्वागत किया गया। अंततः छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रान्ताध्यक्ष द्वारा समस्या समाधान पर चर्चा शुरू करते हुए निराकरण करने का सटीक उपाय एवं कई कार्य लंबित होना बताया गया। संगठन के लंबित कार्य पूर्ण नहीं होने के स्थिति में आने वाले समय में हड़ताल घेराव कर शासन प्रशासन को लोहा मनवाने का कार्य करेगा तथा सभी कार्य जल्द पूर्ण कराने का आश्वाशन दिया गया। कार्यक्रम को अंतिम रूप देते हुए कार्यक्रम के आयोजक छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा नारायणपुर के जिलाध्यक्ष मंगलू राम उसेंडी एवं पुरे टीम द्वारा सभी आगंतुको का आभार ब्यक्त किया गया।

### पानी के बीच पिकनिक लापरवाही पर उठे सवाल

**राउरकेला।** ब्राह्मणी नदी पर स्थित तरकेरा डैम एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ है। डेली मार्केट निवासी राजकुमार महतो अपने मित्र जरीब और एक अन्य दोस्त के साथ तरकेरा डैम घूमने पहुंचे थे। राजकुमार और जरीब पानी में नहा रहे थे, जबकि उनका साथी बाहर खड़े होकर रील वीडियो बना रहा था। इसी दौरान तेज जलधारा में बह जाने से दोनों युवकों की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर तरकेरा डैम की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।